# 01 यूरोप में राष्ट्रवाद
## Nationalism in Europe

### स्मरणीय तथ्य

- 19वीं सदी के दौरान राष्ट्रवाद एक ऐसी ताकत बनकर उभरा जिसने यूरोप में राजनीतिक और मानसिक जगत में परिवर्तन ला दिया।
- राष्ट्रवाद का बीजारोपण यूरोप में पुनर्जागरण के काल से ही प्रारंभ हो चुका था।
- फ्रांसीसी दार्शनिक अर्न्स्ट रेनन के अनुसार "राष्ट्रवाद एक बड़ी और व्यापक एकता है।"
- 1789 ई० की फ्रांसीसी क्रांति से राष्ट्रवाद उन्नत रूप में प्रकट हुई।
- यूरोप में राष्ट्रीयता की भावना का विकास मुख्यत: फ्रांस की राज्य क्रांति से हुआ।
- अठारहवीं शताब्दी में मध्य यूरोप में निरंकुश राजशाही का शासन था।
- फ्रांस में मध्यम वर्ग के लोगों को 'बुर्जुआ वर्ग' कहते हैं।
- 1789 ई० की फ्रांसीसी क्रांति मध्यम वर्ग की क्रांति थी।
- फ्रांस में इस्टेट जनरल नामक संस्था का नाम बदलकर 'नेशनल एसेम्बली' कर दिया गया।
- नेपोलियन का जन्म 1769 ई० में कोर्सिका द्वीप में हुआ था तथा 1804 ई० में वह फ्रांस की राजगद्दी पर बैठा।
- गणतंत्र एवं प्रजातंत्र का विरोध और पुरातन व्यवस्था की पुनर्स्थापना करना मेटरनिख व्यवस्था का उद्देश्य था।
- वियना व्यवस्था के तहत फ्रांस में **बूर्वो राजवंश** पुनर्स्थापित हुआ तथा लुई 18वाँ फ्रांस का राजा बना।
- वियना काँग्रेस (1815) का मुख्य उद्देश्य यूरोप में पुन: उसी व्यवस्था को स्थापित करना था जिसे नेपोलियन ने समाप्त कर दिया था।
- सन् 1815 ई० के वियना कांग्रेस की मेजबानी आस्ट्रिया के चांसलर **मेटरनिख** ने किया।
- नेपोलियन ने जर्मनी और इटली के राज्यों को भौगोलिक नाम की परिधि से बाहर निकाल कर उसे वास्तविक एवं राजनैतिक रूपरेखा प्रदान की।
- 1830 ई० में फ्रांसीसी क्रांति के समय क्रांतिकारियों का नेतृत्व वयोवृद्ध नेता 'लाफायते' कर रहा था।
- चार्ल्स-X ने **पोलिग्नेक** को प्रधानमंत्री बनाया।
- 1830 ई० की क्रांति के समय फ्रांस का शासक चार्ल्स-X था।
- फ्रांस में जुलाई, 1830 ई० की क्रांति के परिणामस्वरूप बूर्वो वंश के स्थान पर **आर्लेयंस वंश** को गद्दी सौंपी गयी।
- सुधारवादियों ने 22 फरवरी, 1848 ई० को पेरिस में थियर्स के नेतृत्व में एक विशाल भोज का आयोजन किया।
- नेपोलियन बोनापार्ट ने 1806 ई० में जर्मन प्रदेशों को जीतकर राईन राज्य संघ का निर्माण किया था।
- 1848 ई० की क्रांति के बाद **लुई नेपोलियन** फ्रांस का सम्राट बना।
- 1848 ई० की फ्रांसीसी क्रांति ने मेटरनिख युग का अंत कर दिया।
- लुई फिलिप ने 'स्वर्णिम मध्यवर्गीय नीति' की अवलंबन करते हुए सन् 1840 में गीजो को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- सार्डिनिया-पिडमाउंट का शासक विक्टर इमैनुएल ने **काउंट कावूर** को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- इटली की समस्या को कावूर ने अपनी कूटनीति के बल पर संपूर्ण यूरोप की समस्या बना दिया।
- इटली विजय के पश्चात् नेपोलियन ने इसे तीन गणराज्यों में गठित किया सीसपाइन गणराज्य, लीगुलीयन तथा ट्रांसपेडेन।
- इटली में एक गुप्त दल **'कार्बोनारी'** का गठन राष्ट्रवादियों द्वारा किया गया।
- 'यंग इटली' तथा 'यंग यूरोप' नामक संस्था का गठन **मेजिनी** ने किया।
- **गैरीबाल्डी** पेशे से एक नाविक था।
- 1834 ई० में प्रशा में एक शुल्क संघ जॉल्वेराइन की स्थापना की गयी।
- अठारहवीं शताब्दी में जर्मनी छोटे-छोटे राज्यों में बँटा था।
- जर्मनी में मेटरनिख ने आंदोलन को कुचलने के लिए दमनकारी कानून 'कार्ल्सवाद के आदेश' को जारी किया।
- **विलियम प्रथम** प्रशा का शासक था, जिसने बिस्मार्क को अपना चांसलर नियुक्त किया।

## SECTION A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions) [1 Mark]

1. नेपोलियन ने जर्मनी में किस संघ की स्थापना की?
   (A) ट्रांसपेडेन संघ (B) सिसेल्पाइन संघ
   (C) राइन संघ (D) इनमें से कोई नहीं
2. नेपोलियन संहिता किस वर्ष लागू की गई? [BM 2021]
   (A) 1789 में (B) 1791 में
   (C) 1801 में (D) 1804 में
3. नेपोलियन कोड में कुल कितने कोड थे?
   (A) तीन (B) पाँच
   (C) चार (D) सात
4. इटली एवं जर्मनी वर्तमान में किस महादेश के अन्तर्गत आते हैं [BM]
   (A) उत्तरी अमेरिका (B) दक्षिण अमेरिका
   (C) यूरोप (D) पश्चिम एशिया
5. इटली के एकीकरण का मसीहा कहा जाता है—
   (A) नेपोलियन बोनापार्ट
   (B) मेजिनी
   (C) काबूर
   (D) गैरीबाल्डी
6. जर्मनी का एकीकरण कब पूरा हुआ?
   (A) 1890 ई० में (B) 1848 ई० में
   (C) 1871 ई० में (D) 1870 ई० में
7. किस संधि द्वारा जर्मनी का एकीकरण पूरा हुआ?
   (A) डेनमार्क की संधि
   (B) गैस्टीन की संधि
   (C) प्राग की संधि
   (D) फ्रैंकफर्ट की संधि
8. इटली के एकीकरण में निम्न में किसने योगदान किया था? [2022AI]
   (A) मेजिनी (B) गैरीबाल्डी
   (C) काउंट कावूर (D) इनमें से सभी
9. इटली एवं जर्मनी के एकीकरण के विरुद्ध निम्नांकित में से कौन था? [2021AI]
   (A) इंगलैंड (B) रूस
   (C) ऑस्ट्रिया (D) प्रशा
10. इटली के एकीकरण में निम्न में से किसका संबंध नहीं है? [2021AI]
    (A) बिस्मार्क (B) मेजिनी
    (C) कावूर (D) गैरीबाल्डी

11. जर्मनी के एकीकरण का प्रमुख वास्तुकार कौन था? [2021AI]
(A) मेजिनी (B) गैरीबाल्डी
(C) लेनिन (D) बिस्मार्क

12. जर्मनी के एकीकरण के लिए कौन उत्तरदायी था? [2021AII]
(A) काउंट कावूर (B) बिस्मार्क
(C) गैरीबाल्डी (D) मेजिनी

13. किस युद्ध के बाद जर्मनी का एकीकरण हुआ?
(A) क्रीमिया का युद्ध
(B) सेडोवा का युद्ध
(C) प्रशा-डेनमार्क युद्ध
(D) सीडान का युद्ध

14. वियना सम्मेलन हुआ था [2022AI]
(A) 1815 में (B) 1848 में
(C) 1870 में (D) 1871 में

15. जल्वेरिन संबंधित था [2022AI]
(A) क्रांतिकारियों से
(B) व्यापारियों से
(C) विद्वानों से (D) पादरियों से

16. जेनेवा संधि कब हुई? [2022AII]
(A) 1954 (B) 1952
(C) 1950 (D) 1985

17. वियना काँग्रेस में कौन राष्ट्र सम्मिलित नहीं था?
(A) ब्रिटेन (B) रूस
(C) फ्रांस (D) जर्मनी

18. किस संधि द्वारा स्वतंत्र यूनान राष्ट्र की स्थापना हुई?
(A) वियना की संधि द्वारा
(B) एड्रियानोपुल की संधि द्वारा
(C) कस्तुनतुनिया की संधि द्वारा
(D) प्राग की संधि द्वारा

19. 1871 में कौन-सी संधि हुई थी? [2021AII]
(A) फ्रैंकफर्ट की संधि
(B) पेरिस की संधि
(C) वियना कांग्रेस
(D) इनमें से कोई नहीं

20. 1830 की क्रांति के बाद फ्रांस में किस प्रकार का शासन स्थापित हुआ? [2021AII]
(A) संघीय शासन व्यवस्था
(B) संवैधानिक राजतंत्र
(C) गणराज्य
(D) अधिनायकवाद

21. फ्रैंकफर्ट की संधि किस वर्ष हुई थी? [2021AII]
(A) 1864 में (B) 1866 में
(C) 1870 में (D) 1871 में

22. किसने अपनी कूटनीति के बल पर इटली की समस्या को संपूर्ण यूरोप की समस्या बना दिया?
(A) काउंट कावूर (B) गैरीबाल्डी
(C) मेजिनी (D) विक्टर इमैनुएल

23. यंग इटली का संस्थापक कौन था?
(A) कावूर (B) गैरीबाल्डी
(C) मेजिनी (D) मुसोलिनी

24. 'लाल कुर्ती' का गठन किसने किया था?
(A) कावूर (B) मेजिनी
(C) बिस्मार्क (D) गैरीबाल्डी

25. कावूर कौन था?
(A) जर्मनी का राजा
(B) इटली का प्रधानमंत्री
(C) इटली का राजा
(D) जर्मनी का मंत्री

26. 'फ्रेंड्स ऑफ इटली' नामक संस्था का गठन किसने किया था?
(A) जियोबार्टी ने
(B) चार्ल्स एलबर्ट ने
(C) विक्टर इमैनुएल ने
(D) मेजिनी ने

27. कार्बोनारी की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(A) 1810 में (B) 1815 में
(C) 1830 में (D) 1848 में

28. गैरीबाल्डी पेशे से क्या था? [2014AII]
(A) सिपाही (B) किसान
(C) जमींदार (D) नाविक

29. काउंट कावूर को विक्टर इमैनुएल ने किस पद पर नियुक्त किया? [2017AII, 2020AI,2022AII]
(A) सेनापति (B) फ्रांस में राजदूत
(C) प्रधानमंत्री (D) गृहमंत्री

30. विलियम प्रथम कहाँ का शासक था?
(A) इटली (B) प्रशा
(C) ऑस्ट्रिया (D) यूनान

31. जॉल्वेराइन की स्थापना किस राज्य ने की?
(A) प्रशा ने (B) ऑस्ट्रिया ने
(C) सार्डिनिया ने (D) नेपल्स ने

32. सीडान का युद्ध किसके बीच हुआ था?
(A) आस्ट्रिया-प्रशा (B) प्रशा-डेनमार्क
(C) प्रशा-फ्रांस (D) इटली-रोम

33. बिस्मार्क किस विद्वान की विचारधारा से प्रभावित था?
(A) रूसो (B) हीगेल
(C) अष्डर्ट (D) जैकब

34. सेडान युद्ध कब हुआ? [BM 2021]
(A) 1871 (B) 1870
(C) 1848 (D) 1815

35. 'यूरोप का मरीज' किसे कहा जाता था?
(A) तुर्की (B) इटली [2019AII]
(C) इंग्लैंड (D) फ्रांस

36. यूरोपवासियों के लिए किस देश का साहित्य एवं विज्ञान प्रेरणा का स्रोत रहा है? [BM]
(A) जर्मनी (B) यूनान
(C) तुर्की (D) इंगलैंड

37. यूनान के स्वतंत्रता संग्राम में किसकी पराजय हुई?
(A) यूनान की (B) तुर्की की
(C) रूस की (D) फ्रांस की

38. 1829 ई० की एड्रियानोपुल की संधि किस देश के साथ हुई?
(A) तुर्की (B) यूनान
(C) हंगरी (D) पोलैंड

39. 'यूरोपीय सभ्यता का पालना' किस देश को कहा जाता है?
(A) इटली (B) रोम
(C) स्पेन (D) यूनान

40. हंगरी की भाषा क्या थी?
(A) इतालवी (B) मैग्यार
(C) पोलिश (D) फ्रेंच

41. यूरोपीय राष्ट्रवाद से प्रभावित होकर किस भारतीय शासक ने जैकोबिन क्लब की स्थापना की?
(A) हैदरअली (B) टीपू सुल्तान
(C) सफदरजंग (D) शिवाजी

42. 19 वीं शताब्दी में यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास का क्या परिणाम हुआ?
(A) साम्राज्यवाद का विकास
(B) उपनिवेशवाद का विकास
(C) निरंकुश राज्यों की स्थापना
(D) राष्ट्रीय राज्यों की स्थापना

43. सेडाओं के युद्ध में किसकी पराजय हुई?
(A) ऑस्ट्रिया की (B) प्रशा की
(C) नेपल्स की (D) सार्डिनिया की

44. बिस्मार्क क्या था?
(A) कवि (B) नाटककार
(C) संगीतज्ञ (D) कूटनीतिज्ञ

45. हीगेल कौन था? [BM 2021]
(A) जर्मन चांसलर (B) राजनीतिज्ञ
(C) दार्शनिक (D) इनमें से कोई नहीं

46. सन् 1870 में फ्रांस और प्रशा के बीच युद्ध कहाँ हुआ था? [2015AI]
(A) सेडान (B) सेडोवा
(C) साइराइन (D) फ्रैंकफट

47. शेल्स विग और होल्सटीन का संबंध किस देश के एकीकरण से है?
(A) इटली के एकीकरण
(B) जर्मनी के एकीकरण
(C) यूनान के एकीकरण
(D) अमेरिका के एकीकरण

48. जर्मेनिया क्या थी?
(A) ब्रिटिश राष्ट्र का प्रतीक
(B) जर्मन राष्ट्र का प्रतीक
(C) रूसी राष्ट्र का प्रतीक
(D) ऑस्ट्रियन सम्राट का प्रतीक

49. फ्रांस की क्रांति का प्रमुख कारण था—
(A) प्रजातंत्र शासन
(B) निरंकुश शासन
(C) गिरफ्तारी पत्र
(D) मनसबदारी प्रथा

50. फ्रांस में किस शासक वंश की स्थापना वियना कांग्रेस के द्वारा की गई थी? [2014C]
(A) हैब्सबर्ग (B) ऑलिया वंश
(C) बूर्बो वंश (D) जार शाही

51. वियना सम्मेलन (काँग्रेस) का अध्यक्ष कौन था?
(A) नेपोलियन बोनापार्ट
(B) लुई अठारहवाँ
(C) चार्ल्स दशम (D) मेटरनिक

52. मेटरनिख व्यवस्था का उद्देश्य क्या था?
(A) गणतंत्र की स्थापना करना
(B) प्रजातंत्र की स्थापना करना
(C) पुरातन व्यवस्था की पुनर्स्थापना
(D) नेपोलियन की पुनर्स्थापना

53. मेटरनिख कौन था?
(A) ऑस्ट्रिया का चांसलर
(B) फ्रांस का सम्राट
(C) रूस का जार
(D) प्रशा का चांसलर

54. किसने कहा था, "फ्रांस जब छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है।"
(A) नेपोलियन (B) हिटलर
(C) मेटरनिख (D) गैरीबाल्डी

55. रोमानीवाद क्या था?
(A) एक राजनीतिक आंदोलन
(B) एक सांस्कृतिक आंदोलन
(C) एक आर्थिक क्रांति
(D) एक धार्मिक क्रांति

56. मारीआन किस देश के राष्ट्रवाद का प्रतीक था?
(A) फ्रांस (B) जर्मनी
(C) इटली (D) रूस

57. राष्ट्रवाद की अवधारणा का जन्म किस घटना से माना जाता है?
(A) पुनर्जागरण (B) धर्मसुधार आंदोलन
(C) गौरवपूर्ण क्रांति (D) फ्रांस की क्रांति

58. ऐक्ट ऑफ यूनियन किस वर्ष पारित हुआ?
(A) 1688 में (B) 1707 में
(C) 1788 में (D) 1807 मे

59. "यंग यूरोप" का संस्थापक कौन था?
(A) मेजिनी (B) गैरीबाल्डी [2019A II]
(C) विक्टर इमैनुएल
(D) मुसोलिनी

[redacted]

[redacted]